शंकर साथ ना टूटे | By Aashish Tishawer

ऐसी रेहमत बनाये रखना
मुझमे मेरे भोले शंकर
जन्मो जनम तक साथ ना टूटे
तेरा मेरा भोले शंकर

कोई ना अपना ना कोई पराया
तुम ही तो हो भोले मेरा सहारा
तूने जबसे हाथ है पकड़ा
तबसे तू ही मेरा पालनहारा
मुझको भी भोले मुझको भी सीने से लगा लो
बाबा अपनी प्यारी भस्म समझ कर
जन्मो जनम तक साथ ना टूटे
तेरा मेरा भोले शंकर

जपता रहूं मैं तेरे नाम की माला
रोज़ चढ़ाऊँ तुझे गंगा की धारा
तुझसे ही तो रोशन है ज़िन्दगी मेरी
बिन तेरे जग लागे वीराना
सुनलो तुम भोले अपनी ये धुन
जैसे हो डमरू का मधुर स्वर
जन्मो जनम तक साथ ना टूटे
तेरा मेरा भोले शंकर

शमशानों में तेरा है डेरा
कण कण में ही तेरा बसेरा
विषधारी कहलाता है तू
कौन जाने तेरी क्या है माया
इस तिशावर को अपना बना लो
हे प्रभु भक्तों के महेश्वर
जन्मो जनम तक साथ ना टूटे
तेरा मेरा भोले शंकर

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%9f%e0%a5%87-by-aashish-tishawer/